स्तर 1 (सप्ताह 11)

गपशप/बातचीत करना

उद्देश : 1. बच्चों के शब्द कोष में वृद्धि करना|

2. आत्मविश्वास बढ़ाना |

3. स्वतंत्र विचार एवं अभिव्यक्ति की क्षमता विकसित करना |

समय : 10 से 15 मिनट

प्रक्रिया :- अपने परिवार के सदस्यों के साथ अलग-अलग विषय पर चर्चा करें, जैसे- हमें घर में ही क्यों रहना है? हम स्कूल क्यों नहीं जा रहे हैं? स्कूल क्यों बंद हो गया? स्कूल न जाने पर आपको जिन-जिन चीजों की याद आ रही हैं,उनके बारे में बातचीत करें, जैसे- दोस्तों से मिलना-जुलना, दोस्तों के साथ खूब बातें करना, स्कूल में खेलना-कूदना, कहानी की किताबें पढ़ना, आदि।

कविता/कहानी सुनना और सुनाना

उद्देश : बच्चों में ध्यान से सुनने की क्षमता विकसित होना और बोलने का मौका देना।

समय : 15 से 20 मिनट

प्रक्रिया :- परिवार के बड़ों से कहानी या कविता सुनिए। दूसरे दिन आप उनकों कोई भी एक कहानी या कविता सुनाएँ।